दैनिक
न्याय साक्षी



## महत्वपूर्ण एवं खास

### पंजरीप्लांट में जुआ खेल रहे 3 आरोपी गिरफ्तार, 4100 रूपये जप्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चक्रधरनगर थाने से प्रधान आरक्षक श्यामदास महंत, आरक्षक मनोज पटनायक, विक्रम सिंह की ड्यूटी दुर्गा विसर्जन में लगायी गई थी, इसी दौरान कुछ लोगों के पंजरीप्लांट गली में जुआ खेलने की सूचना विसर्जन में लगे स्टाफ को दिया गया जिस पर स्टाफ द्वारा घेराबंदी कर जुआ खेल रहे 03 जुआड़ियों को पकड़े। जुआड़ियान (1) सुजीत महतो पिता निरंजन महतो उम्र 30 वर्ष (2) मुकेश कुमार तालुकदार पिता रंजीत कुमार तालुकदार उम्र 40 वर्ष (3) सपन भण्डारी पिता कपिल भण्डारी उम्र 28 वर्ष सभी साकिनान पंजरीप्लांट थाना चक्रधरनगर से जुमला रकम 4100 रूपये व 52 पत्ती तास एवं फट्टी बोरी जप्त किया गया है। जुआडियों के विरूद्ध थाना चक्रधरनगर में 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### मोटरसायकल पर आगजनी, अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पुसौर अन्तर्गत ग्राम पुटकापुरी में रहने वाला हर्षद कुमार पाण्डेय उम्र 24 साल जसगीत कार्यक्रम करता है। दिनांक 08/10/19 को हर्षद पाण्डेय अपनी टीम के साथ शाम करीब 7:00 बजे मोटर सायकल बजाज प्लेटिना रंग काला क्रमांक सीजी13 पी 4627 से कार्यक्रम के लिये ग्राम जोगीतराई के नायकटांड मोहल्ला में पहुचा, प्रोग्राम रात्रि 8:30 बजे खत्म हो गया उसके बाद इनकी टीम का अगला कार्यक्रम रायगढ़ मिनी स्टेडियम में था। कार्यक्रम में जल्दी पहुंचने के लिये हर्षद गांव के अमित नायक का जायलो वाहन किराया में लिया और अपनी मोटर सायकल प्लेटिना को अमित नायक के घर के पास खड़ी करके रायगढ़ के लिये अमित नायक और अपने साथियों के साथ निकल गया। रायगढ़ पहुंचने पर अमित नायक के मोबाईल पर कॉल कर उसके परिचित ने बताया कि गली के सामने खड़ी मोटर सायकल को किसी ने आग लगा दिया है। तब हर्षद वापस आकर देखे, गाड़ी को गांव वाले बुझा दिये थे जो पूरी तरह से जल चुका था। घटना के संबंध में रिपोर्टकर्ता हर्षद कुमार पाण्डेय के रिपोर्ट पर थाना पुसौर में अप.क्र. 178/19 धारा 427,435 भादंवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 15 अक्टूबर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 15 अक्टूबर को पूर्वान्ह 11 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के कार्यो पर चर्चा, शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग के मदवार आय-व्यय एवं कार्यो की जानकारी, पूर्व बैठक कार्यवाही विवरण अनुसार पालन प्रतिवेदन एवं सभापति की अनुमति से अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### सामान्य सभा की बैठक 15 अक्टूबर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** जिला पंचायत रायगढ़ के सामान्य सभा की बैठक 15 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। बैठक में स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना पर चर्चा, जीवन दीप समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों, खनिज विभाग, वन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत बाल संदर्भ योजना पर चर्चा, पूर्व बैठक कार्यवाही विवरण अनुसार पालन प्रतिवेदन एवं अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषयों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### दिवाली से पहले राज्य सरकार भी केन्द्र की तरह महंगाई भत्ता बढ़ाए

**रायपुर (आरएनएस)।** भारतीय जनता पार्टी ने केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को पांच फीसदी महंगाई भत्ता बढ़ाये जाने का स्वागत किया है। साथ ही भाजपा ने प्रदेश शासन से मांग की है कि छत्तीसगढ़ शासन के कर्मचारियों के लिए तत्काल प्रभाव से महंगाई भत्ते की घोषणा कर उन्हें राहत प्रदान करे। प्रदेश प्रवक्ता सच्चिदानंद उपासने ने कहा कि देश भर के एक करोड़ से अधिक सेवारत एवं सेवानिवृत्त कर्मचारियों व पेंशनधारियों के लिए मोदी की सरकार ने दीपावली का उपहार दिया है। इसी तर्ज पर शीघ्र ही प्रदेश शासन को भी महंगाई भत्ता घोषित करना चाहिए। उपासने ने केन्द्र सरकार को इस निर्णय के लिए साधुवाद देते हुए कहा कि भाजपा-सरकार हमेशा शासकीय कर्मचारियों के हित में खड़ा रही है और उनका सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले रेलकर्मियों के लिए 78 दिन का बोनस देकर केन्द्र सरकार ने रेलकर्मियों की दीवाली को भी अच्छा बनाया है। उन्होंने बिना किसी हीला-हवाली के शीघ्र महंगाई भत्ते घोषित करने की मांग प्रदेश सरकार से की है।

### छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में असिस्टेंट लाइब्रेरियन एवं लाइब्रेरी असिस्टेंट की कौशल परीक्षा 19 को

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर की रजिस्ट्री में असिस्टेंट लाइब्रेरियन एवं लाइब्रेरी असिस्टेंट (ए.जी.-ष्ष्) के पदों हेतु व्यापम रायपुर के माध्यम से विज्ञापन प्रकाशित कर आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए थे। व्यापम द्वारा इन पदों के लिखित परीक्षा परिणाम पश्चात वर्गवार 01:10 के अनुपात में कौशल परीक्षा हेतु पात्र उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित किया गया है। तदानुसार छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में असिस्टेंट लाइब्रेरियन एवं लाइब्रेरी असिस्टेंट के पदों हेतु पात्र उम्मीदवारों की कौशल परीक्षा 19 अक्टूबर को प्रातः 9.30 बजे से छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी, उच्च न्यायालय परिसर, बोदरी, छतौना रोड़, बिलासपुर छत्तीसगढ़ में आयोजित की जाएगी। इन पदों के कौशल परीक्षा की परीक्षा पद्धति एवं परीक्षा सूचना को उच्च न्यायालय की वेबसाइट में अपलोड कर दिया गया है।

# पट्टे वितरण के लिए सर्वे का कार्य नोडल अधिकारी गंभीरता से करें-कलेक्टर

» सर्वे कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी अन्यथा होगी कार्यवाही » कार्मिक सम्पदा में तत्काल अपलोड करें अधिकारियों-कर्मचारियों की जानकारी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। उन्होंने राजस्व विभाग एवं नगरीय निकाय के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन द्वारा नगर पालिका निगम, नगर पालिका परिषद एवं नगर पंचायतों में निवासरत झुग्गी वासियों जिनके पास आवास का स्थायी पट्टा नहीं है उनको स्थायी पट्टा दिया जाना है। इसके लिए उन्होंने अधिकारियों को सर्वे का कार्य गंभीरता से करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य के लिए लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर दिया गया है। 25 अक्टूबर तक सर्वे कार्यो



का परीक्षण करके पात्रता वाले परिवारों को पट्टा वितरण करने के निर्देश दिए है। उन्होंने नोडल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि पट्टे वितरण के सर्वे कार्य में शासन के मापदण्डों का गंभीरता से पालन करेंगे।

कलेक्टर ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में शासकीय नजूल, स्थानीय निकाय, विकास प्राधिकरण की भूमि में निवास करने वाले आवासहीनों को ऐसे अधिभोग की भूमि की पट्टे की पात्रता होगी जिनका इस पते का राशन कार्ड बना हुआ हो। यदि राशन कार्ड न हो तो नियम में उल्लेखित अन्य प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन पश्चात उसे पट्टा प्रदान किया जाएगा। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। अन्यथा संबंधित अधिकारी के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी है। उन्होंने नजूल नवीनीकरण के कार्यों को भी तत्काल करने के भी निर्देश राजस्व अधिकारियों



को दिए। साथ ही ऐसे जमीन के प्रकरण जिनका किसी कारणवश नामांतरण नहीं हो पा रहा है, उसकी भी जानकारी देने के निर्देश दिए है। साथ ही खाद्य अधिकारी को नवीनीकरण राशन कार्ड का वितरण भी प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सभी विभाग प्रमुखों को अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की कार्मिक सम्पदा की जानकारी अपडेट करके कोषालय में भेजने के निर्देश दिए है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि आगामी माह में बिना कार्मिक सम्पदा अपडेट किए बगैर वेतन का आहरण नहीं हो पाएगा, इसके लिए सभी अधिकारियों को गंभीरता से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का डाटा अपडेट कराने के लिए कहा है। साथ ही कोषालय अधिकारी को निर्देश दिए है कि कार्मिक सम्पदा अपडेट करने में लापरवाही बरतते है तो संबंधित विभाग के वेतन रोकने की कार्यवाही करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ दिवस मनाया जाना है। साथ ही नगरीय निकाय, ग्राम पंचायतों में चिन्हांकित जगहों पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ चौक का भी नामकरण किया जाना है। इसके लिए अधिकारियों को जगह का चिन्हांकन करके जानकारी भेजने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को पूर्व सरपंचों से वसूली की कार्यवाही गंभीरता से करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सारंगढ़ एसडीएम पर नाराजगी जाहिर करते हुए गिरदावरी की ऑनलाईन एन्ट्री प्राथमिकता से कराने के लिए कहा है। पटवारियों की ड्यूटी लगाकर शत-प्रतिशत एन्ट्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनचौपाल, लोक सेवा गारंटी अधिनियम, जाति प्रमाण-पत्र, भू-अर्जन के लंबित प्रकरणों की भी जानकारी लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा, जिला पंचायत सीईओ सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी, सहायक कलेक्टर संबित मिश्रा, अपर कलेक्टर आर.ए. कुरूवंशी, समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## महापल्ली में चाकूबाजी करने वाला युवक गिरफ्तार भेजा गया रिमांड पर

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना चक्रधरनगर अन्तर्गत महापल्ली में माता दुर्गा की प्रतिमा विसर्जन करने ले जाने के दौरान धक्का-मुक्की को लेकर गांव के युवक अमित यादव को अक्षय सतनामी द्वारा पेट पर चाकू मारकर भाग गया था जिसे चक्रधरनगर पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर रिमांड में भेजा गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम महापल्ली में यादव होटल चलाने वाला अमित यादव पिता गिरीश कुमार यादव आज सबेरे गांव के लोगों के साथ नाचते गाते माता दुर्गा जी की प्रतिमा को विसर्जन के लिये तालाब लेकर जा रहा था कि गांव का मुकेश सतनामी पिता गुरूचरण सतनामी शराब पीकर विसर्जन करने जा रहे लोगों के साथ धक्का-मुक्की को लेकर झगड़ा विवाद करने लगा जिसे वहां कुछ लोगों ने समझा बुझाकर उसके घर भेज दिया कुछ देर बाद मुकेश सतनामी का छोटा भाई अक्षय सतनामी पिता गुरूचरण सतनामी उम्र 21 साल अपने हाथ में चाकु लेकर आया और मेरे भाई से कौन झगड़ा किया है



कहकर अमित यादव के पेट में चाकु से 03 जगह मारकर चोट पहुंचाया। आहत को ईलाज के लिये मैट्रो अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही चक्रधरनगर थाना प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी अपने स्टाफ के साथ महापल्ली पहुंचे और आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाये। घटना के संबंध में आहत के भाई सुमित यादव (21साल) के रिपोर्ट पर थाना चक्रधरनगर में आरोपी अक्षय सतनामी के विरूद्ध अप.क्र. 386/19 धारा 307 भादंवि दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## नई विधियां एवं तकनीक से स्वयं को अपग्रेड करें शिक्षक- कलेक्टर



» एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज खरसिया विकासखण्ड के ग्राम छोटे मुड़पार स्थित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने आवासीय विद्यालय का निरीक्षण भी किया।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि शिक्षक बच्चों का भविष्य गढ़ते हैं। यह जरूरी है कि शिक्षक नई किताबें, नई विधियां एवं तकनीक से स्वयं को अपग्रेड करते रहें तभी उच्च स्तर हासिल कर सकेंगे और बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि नये लेखक की किताबें मंगाये और अध्ययन करें इससे एक ही विषय को नये दृष्टिकोण से देखने का नजरिया मिलता है और फिर कक्षा में बच्चों को नई चीजें बता पायेंगे। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि इन बच्चों को आगे बढ़ाकर दिखाये।

उन्होंने बच्चों के अनुत्तीर्ण होने तथा शाला त्यागी होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस संबंध में कारणों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अगले सत्र में कोई भी बच्चा अनुत्तीर्ण नहीं होना चाहिए। शिक्षक अपने शैक्षणिक दायित्वों को निभायें। जो बच्चे पढ़ाई में कमजोर है उन्हें एक्स्ट्रा क्लास लेकर पढ़ाई करायें एवं बच्चों की काऊसिलिंग भी करें। क्योंकि कुछ बच्चों तेजी से सीखते है वहीं कुछ धीमी गति से सीखते है। धीमी गति से सीखने वाले बच्चों को धीरे-धीरे सीखाना होता है।

उन्होंने कहा कि सभी शिक्षकों के शैक्षणिक कार्य की प्रतिमाह वे रिपोर्ट लेंगे। उन्होंने गणित, जीव विज्ञान एवं भौतिकी सहित अन्य विषयों के अध्यापन के संबंध में शिक्षकों से चर्चा की। उन्होंने प्राचार्य को निर्देशित किया सभी विद्यार्थियों का वर्ष में एक बार रक्त परीक्षण होना चाहिए। कलेक्टर ने इस मौके पर खेल मैदान के समतलीकरण करने के लिए एसडीएम को निर्देशित किया। उन्होंने बच्चों को मिलने वाली शिष्यवृत्ति के संबंध में भी जानकारी ली।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ए.के.गढ़ेवाल ने बताया कि अनुसूचित जनजाति वर्ग के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु 2 अक्टूबर 2005 को एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय की स्थापना छोटे मुड़पार में की गई थी। जहां कक्षा छठवीं से बारहवीं तक के छात्र अध्ययन कर रहे है। उन्होंने स्वीकृत पद सेटअप, विद्यार्थियों को प्रदाय की जाने वाली सुविधाएं, शिक्षकों की जानकारी, स्वास्थ्य परीक्षण, लाईब्रेरी सहित अन्य जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्राचार्य ए.के.भारद्वाज, सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती दीप्ति अग्रवाल सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

## राज्यपाल से छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने की मुलाकात

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज रायपुर के अध्यक्ष बी.पी.एस. नेताम के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।

राज्यपाल सु उइके ने प्रतिनिधिमण्डल को बताया कि छत्तीसगढ़ की 80 ग्राम पंचायतों को पुनर्गठित कर 27 नगर पंचायत बनाए जाने के संबंध में विभिन्न आदिवासी संगठनों से प्राप्त आवेदनों के आधार पर उन्होंने शासन को पत्र लिखा है।



उन्होंने कहा कि अनुसूचित क्षेत्रों में नगरपालिका अधिनियम लागू नहीं होता है। ऐसे में ग्राम पंचायतों को नगर पंचायत बनाया जाना उचित नहीं है। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमण्डल से कहा कि अगले नवंबर माह में राष्ट्रपति द्वारा ली जाने वाली राज्यपालों की बैठक में भी वे इस मुद्दें को रखेंगी।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के महासचिव एन.एस. मण्डावी, छत्तीसगढ़ आदिवासी कल्याण संस्थान के अध्यक्ष एस.आर. नेताम सहित छत्तीसगढ़ सर्व आदिवासी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### रायगढ़ के रविन्द्र पटेल को किडनी इलाज के लिए सीएम ने स्वीकृत की 3 लाख की सहायता राशि

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहां निवास में आयोजित जनचौपाल भेंट.मुलाकात में रायगढ़ जिले के ग्राम बोतल्दा, तहसील खरसिया, निवासी रविन्द्र पटेल को किडनी के इलाज के लिए तीन लाख रूपए की आथिक सहायता राशि स्वीकृत की है। जनचौपाल में आए रविन्द्र पटेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि वो एक साल से किडनी की बिमारी से ग्रस्त है। जिसका इलाज रायपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। उसकी आर्थिक स्थिति ठीक नही है जिससे आगे का इलाज नही करा पा रहा है।

## डीकेएस अस्पताल में लिंग परिवर्तन कराने के बाद ट्रांसजेंटर की मौत

### » परिजनों ने डाक्टरों पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी स्थित सुपर स्पेशिलिटी डीकेएस अस्पताल में लिंग परिवर्तन कराने के बाद एक ट्रांसजेंटर की मौत होने के मामले में मृतक के परिजनों ने डाक्टरों की लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक ने करीब 10-12 दिन पूर्व डीकेएस अस्पताल में ऑपरेशन में अपना लिंग परिवर्तन कराया था। ऑपरेशन के बाद ट्रांसजेंटर को चेकअप कराने के लिए उसके परिजन उसे लेकर अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान उसकी तेजी से तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके बाद डाक्टरों ने उसे आईसीयू में रखा था।

इस दौरान उसकी मौत हो गई। इधर ट्रांसजेंटर की मौत के लिए उसके परिजनों ने वहां के डाक्टरों को जिम्मेदार ठहराया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि मुख्य डाक्टर की जगह अन्य डाक्टरों ने उसका ऑपरेशन किया और ऑपरेशन के दौरान उसकी पेशाब नली भी निकालना भुल गए। इस वजह से उसकी मौत हो गई। इस मामले में परिजनों ने जांच की मांग की है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO Ñ- CHHHIN/2018/76480